दैनिक भास्कर 13/04/2023

# ईआरपी मॉड्यूल के उपयोग के बारे में बताया

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज के कंप्यूटर विभाग द्वारा बुधवार को प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत ईआरपी के विभिन्न मॉड्यूल के उपयोग के बारे में ट्रेनिंग दी गई। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि तकनीकी युग में ईआरपी किसी भी महाविद्यालय के लिए रीढ़ की हड्डी है। इसके द्वारा बड़ी ही दक्षता से सारे काम किए जा सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक प्रो. उपिंदर कौर ने एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सॉफ्टवेयर से संबंधित सभी पहलुओं लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि कैसे ईआरपी सॉफ्टवेयर का उपयोग करके पेपरलेस वर्क किया जा सकता है, जिससे बेहतर दक्षता, समय व लागत की बचत होगी। प्रोग्राम का उद्देश्य शिक्षकों को तकनीकी रूप से अपग्रेड करना और सशक्त बनाना रहा।